यूनायटेड इंडिया इन्शुरन्स कंपनी लिमिटेड
(UIICL)

प्रशासनिक अधिकारीयों (स्केल I) की भर्ती हेतु ऑनलाइन परीक्षा - सामान्यज्ञ और हिन्दी चरण-।। (मुख्य परीक्षा)

सूचना पुस्तिका

इस पुस्तिका में आप देने जा रहे हैं उस ऑनलाइन परीक्षा संबंधी विविध पहलुओं के ब्योरे और संबंधित विषयवस्तुओं के बारे में महत्वपूर्ण निर्देश हैं। आपकी इस पुस्तिका का ध्यान से अध्ययन करने की सलाह दी जाती है क्योंकि इससे आपकी परीक्षा की तैयारी करने में सहायता मिलेगी।

इस ऑनलाइन परीक्षा में निम्नानुसार वस्तुनिष्ठ प्रकार की बहुविकल्प प्रश्नावलियां होंगी:

सामान्यज्ञ के लिए परीक्षा का स्वरूप

अनु. क्र.	प्रश्नावली का नाम	प्रश्नों की संख्या	अधिकतम अंक	परीक्षा का माध्यम	अवधि
1	अंग्रेजी भाषा की परीक्षा	40	50	अंग्रेजी	30 मिनट
2	तर्क क्षमता की परीक्षा	40	50	अंग्रेजी और हिंदी	30 मिनट
3	मात्रात्मक योग्यता की परीक्षा	40	50	अंग्रेजी और हिंदी	30 मिनट
4	सामान्य ज्ञान (वित्तीय क्षेत्र के विशेष संदर्भ में)	40	50	अंग्रेजी और हिंदी	30 मिनट
5	कम्प्यूटर ज्ञान की परीक्षा	40	50	अंग्रेजी और हिंदी	30 मिनट
	कुल	**200**	**250**		**2 घंटे 30** मिनट
6	वर्णनात्मक परीक्षा अंग्रेजी भाषा (पत्रलेखन - 10 अंक और निबंध - 20 अंक)	2	30	अंग्रेजी	30 मिनट

हिंदी अधिकारी के लिए परीक्षा का स्वरूप

अनु. क्र.	प्रश्नावली का नाम	प्रश्नों की संख्या	अधिकतम अंक	परीक्षा का माध्यम	अवधि
1	अंग्रेजी भाषा की परीक्षा	25	25	अंग्रेजी	20 मिनट
2	तर्क क्षमता की परीक्षा	25	25	अंग्रेजी और हिंदी	30 मिनट
3	व्यावसायिक ज्ञान (हिंदी और अंग्रेजी व्याकरण/ शब्दावली की परीक्षा, तथा राजभाषा कार्यान्वयन से संबंधित अधिनियमों /नियमों के ज्ञान ,अनुवाद (अंग्रेजी से हिंदी और हिंदी से अंग्रेजी)	50	100	अंग्रेजी और /या हिंदी	50 मिनट
4	सामान्य ज्ञान की परीक्षा	25	25	अंग्रेजी और हिंदी	10 मिनट
5	कम्प्यूटर ज्ञान की परीक्षा	25	25	अंग्रेजी और हिंदी	10 मिनट
	कुल	**150**	**200**		**2 घंटे**
6	वर्णनात्मक परीक्षा अंग्रेजी और हिंदी भाषा (अंग्रेजी निबंध - 10 अंक; हिंदी निबंध - 10 अंक; पत्र लेखन (हिंदी) - 10 अंक; अंग्रेजी से हिंदी अनुवाद - 10 अंक और हिंदी से अंग्रेजी अनुवाद - 10 अंक)	5	50	किसी विशेष प्रश्न के लिए लागू अंग्रेजी और /या हिंदी	60 मिनट

परीक्षा के लिए समय180 मिनट है; तथापि लागिंग-इन, प्रवेश पत्र संग्रहण, निर्देश पढ़ना आदि के सहित आपको परीक्षा स्थल में लगभग 240 मिनट तक रहना पड सकता है। अंग्रेज़ी भाषा की परीक्षा को छोड़कर सभी प्रश्नावलियाँ , प्रत्येक परीक्षा के लिए लागू होने के अनुसार अंग्रेज़ी और/या हिंदी में प्रदान की जाएंगी।। प्रत्येक प्रश्नावली के लिए अलग-अलग समय आबंटित है। हर प्रश्नावली को दिए गए समयावधि में आप उस प्रश्नावली में से किसी भी प्रश्न का उत्तर दे सकते हैं। सभी प्रश्नों में बहुविकल्प होंगे। प्रश्न के पांच उत्तर में से केवल एक सही उत्तर होगा। आपको सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर का चयन करना है और जिस विकल्प को आप उपयुक्त/सही समझते हैं उसे 'माउस क्लिक' करना है। आपने जिस विकल्प को क्लिक किया है वह उस प्रश्न का आपका उत्तर माना जाएगा। **अगर आप गलत**

उत्तर देंगे तो दंड स्वरूप आपके अंकों में कटौती की जायेगी। ऐसे किसी भी प्रश्न के निर्धारित अंकों में से, जिसका आपने गलत उत्तर दिया है, दंड के रूप में एक चौथाई अंक काट लिए जायेंगे।

कृपया नोट करें कि इस पुस्तिका में दिए गए प्रश्न केवल उदाहरण हैं सर्वांगपूर्ण नहीं हैं। वास्तविक परीक्षा में प्रश्न अधिक कठिन या अलग प्रकार के भी हो सकते हैं, जिनका कि यहाँ वर्णन नही किया गया हो।

नमूने के कुछ प्रश्न यहाँ दिए गए हैं।

अंग्रेजी भाषा की परीक्षा

This is a test to see how well you know English. Your English language ability would be tested through questions on grammar, vocabulary, sentence completion, synonyms, antonyms, comprehension of a passage, etc. Study and answer the sample questions given below :

Q.1-3. **Directions :** Pick out the most appropriate word from amongst the words given below each sentence to complete it meaningfully.

Q.1. He quickly glanced ..... the book to find what it said about the Indian economy.
(1) at (2) through (3) in (4) to (5) over

Q.2. The counsel urged the court to ..... down the obnoxious law.
(1) enact (2) enforce (3) cancel (4) strike (5) declare

Q.3. The local official ..... the Minister of the situation.
(1) explained (2) warned (3) apprised (4) told (5) intimated

Q.4-6. **Directions :** Read each sentence to find out whether there is any grammatical error in it. The error, if any, will be in one part of the sentence. The number of that part of the sentence is your answer. If there is no error, the answer is (5).

Q.4. I am twenty / two years old / when I first / joined the bank. No error
(1) (2) (3) (4) (5)

Q.5. To the Hindus / the Ganga is / holier than / any other river. No error
(1) (2) (3) (4) (5)

Q.6. Of all the teachers / in our school / our class teacher / were very strict. No error
(1) (2) (3) (4) (5)

तर्क क्षमता की परीक्षा

प्र.1. कुछ नेता बेईमान होते हैं। नीलम नेता है। इन दो कथनों से निम्नलिखित में से कौन सा निश्चित निष्कर्ष निकलता है ?
(1) नीलम ईमानदार है (2) नीलम बेईमान है (3) कुछ नेता ईमानदार होते हैं
(4) नेता सामान्यतः बेईमान होते हैं (5) नीलम कभी-कभी बेईमान हो जाती हैं

प्र.2. यदि निम्नलिखित वर्णमाला के अक्षर अपना स्थान इस प्रकार बदलें कि A, Z के स्थान पर आ जाए और Z, A के स्थान पर, B, Y के स्थान पर आ जाए और Y, B के स्थान पर आ जाए, इसी तरह आगे के अक्षर भी आपस में स्थान बदल लें, तो दाएं से तेरहवा अक्षर कौन सा होगा ?
A B C D E F G H I J K L M N O P Q R S T U V W X Y Z
(1) M (2) N (3) O (4) L (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

प्र.3. यदि शब्द "DEPRESSION" के पहले और दूसरे अक्षर को परस्पर बदल दिया जाए, तीसरे और चौथे अक्षर को भी और पांचवे और छठे अक्षर को तथा बाद के अक्षरों को भी इसी प्रकार बदल दिया जाए तो दाएं से सातवां अक्षर निम्नलिखित में से कौनसा है ?
(1) R (2) O (3) S (4) I (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

प्र.4. लड़कियों की एक पंक्ति में, यदि सीता, जो बाएं से 10 वीं है और लीना, जो दाएं से 9 वी हैं, आपस में अपने स्थान बदल लेती हैं, तो सीता बाएं से 15 वी हो जाती है। पक्ति में कितनी लडकियां हैं ?
(1) 16 (2) 18 (3) 19 (4) 22 (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

प्र.5. TOPS के अक्षरों को पुनर्व्यवस्थित करके यदि O से शुरू होनेवाला कोई सार्थक शब्द बनाया जा सके तो उस शब्द का अंतिम अक्षर आपका उत्तर है। यदि एक से अधिक शब्द बन सकते हों तो उत्तर है M और यदि कोई शब्द न बन सकता हो तो उत्तर है X ।
(1) T (2) P (3) M (4) S (5) X

मात्रात्मक योग्यता की परीक्षा

यह परीक्षा संख्यात्मक गणनाओं, जैसे संगणन, संख्यात्मक तर्कसंगतता, सारणियों एवं आलेखों से निष्कर्ष निकालने आदि में आपकी गति शुद्धता की जाँच के लिये है।

प्र.1-3. निम्नलिखित सारणी का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें और नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

एक चयन परीक्षा में लिखित परीक्षा में 300 में से और साक्षात्कार में 100 में से उम्मीदवारों के प्राप्तांकों के अनुसार 1000 उम्मीदवारों का वर्गीकरण

लिखित परीक्षा अंक	साक्षात्कार के अंक					
	30 से कम	30-39	40-49	50-59	60-69	70 और अधिक
260 और अधिक	8	18	26	18	26	4
210 से 259	5	4	30	22	10	9
160 से 209	16	10	45	56	18	9
110 से 159	28	42	100	190	15	5
60 से 109	35	115	20	8	7	5
60 से कम	32	32	20	4	6	2

प्र.1. कितने उम्मीदवारों को लिखित परीक्षा और साक्षात्कार दोनों में 69 प्रतिशत और अधिक अंक मिले हैं ?
(1) 22 (2) 49 (3) 13 (4) 9 (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

प्र.2. लगभग 325 उम्मीदवारों को लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण करना है तो उत्तीर्ण होने के लिए कितने प्रतिशत अंक होने चाहिए ?
(1) 20 से अधिक (2) 70 से अधिक (3) 36 से अधिक (4) 63 से अधिक (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

प्र.3. लगभग 42 प्रतिशत उम्मीदवार साक्षात्कार के अंकों की निम्नलिखित में से किस श्रेणी में आते हैं ?
(1) 110-159 (2) 110 और कम (3) 50 से 70 (4) 50 और अधिक (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

प्र.4. निम्नलिखित में से कौनसा अंक 4 का सटीक गुणक है ?
(1) 27114 (2) 58204 (3) 48402 (4) 32286 (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

प्र.5. यदि 10 रुपये में एक पेन बेचने पर लाभ उसकी लागत के बराबर है, तो पेन का मूल्य क्या है ?
(1) 3/- रु. (2) 5/- रु. (3) 10/- रु. (4) 20/- रु. (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

प्र.6. यदि 3 कामगारों ने 4 दिनों में 48 कि. ग्रॅ. कापूस इकठ्ठा किया तो 9 कामगार 2 दिनों में कितना कि. ग्रॅ. कापूस इकठ्ठा करेंगे ?
(1) 216 (2) 32 (3) 108 (4) 72 (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

सामान्य ज्ञान की परीक्षा

यह प्रश्नावली समाज के विभिन्न क्षेत्रों में अतीत और वर्तमान व्यक्तियों और घटनाओं के प्रति आपकी सचेतता का पता लगाने के लिये है ।

प्र.1. आर. के. लक्ष्मण किस बात के लिए प्रसिद्ध हैं ?
(1) चित्रकारी (2) कार्टून (3) स्क्रीनप्ले लेखन
(4) फिल्म दिग्दर्शन (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

प्र.2. प्रत्येक _____ में हमारे देश में "कुंभ-मेला" आयेजित होता है ।
(1) 6 वर्ष (2) 10 वर्ष (3) 12 वर्ष (4) 14 वर्ष (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

प्र.3. निम्नलिखित में से कौन वर्तमान में भारत का वित्तमंत्री है ?
(1) श्री अरुण जेटली (2) श्री नरेंद्र मोदी (3) श्री पी. चिदंबरम
(4) श्री अमित शाह (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

प्र.4. IRDA में अक्षर I निम्नांकित में से किसके लिए प्रयुक्त होता है ?
(1) Indian (2) International (3) Insurance (4) Income (5) Institute

प्र.5. प्रसिद्ध गोमटेश्वर की मूर्ती निम्न में से किस राज्य में स्थित हैं ?
(1) महाराष्ट्र (2) मध्य प्रदेश (3) उत्तर प्रदेश (4) उड़ीसा (5) कर्नाटक

कंप्यूटर ज्ञान की परीक्षा

प्र.1. आपके कंप्यूटर का प्रत्येक कांपोनेन्ट या तो _____
(1) सॉफ्टवेयर या CPU / RAM होता है (2) हार्डवेयर या सॉफ्टवेयर होता है
(3) एप्लिकेशन सॉफ्टवेयर या सिस्टम सॉफ्टवेयर होता है (4) इनपुट डिवाइस या आउटपुट डिवाइस होता है
(5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

प्र.2. निम्नलिखित में से कौनसी एक लोकप्रिय कंप्यूटर भाषा है ?
(1) A + (2) BA + (3) C ++ (4) CA + (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

प्र.3. CPU का कार्य _____

(1) पाठ्यांश का बाह्य भंडारण उपलब्ध कराना है
(2) मुद्रित प्रति सर्जित करना है
(3) नया सॉफ्टवेयर सर्जित करना है
(4) सूचना और अनुदेशों को पढ़ना, उनका निर्वचन करना और उन्हें प्रोसेस करना है
(5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

व्यावसायिक ज्ञान

संबंधित विषय के प्रश्न, विशेषज्ञता के क्षेत्र से संबंधित होंगे।

वर्णनात्मक पेपर

अंग्रेजी भाषा

Q.1. Write an essay on any **ONE** of the following topics :

- Three effective measures to eradicate illiteracy in India. Explain how the measures suggested by you will be effective.
- It is often said that computerization results in unemployment. Do you agree ? Explain.

हिंदी भाषा

प्र.1. निम्न में से **कोई एक** पर निबंध लिखिएः

- भारत में निरक्षरता मूल रूप से नष्ट करने के लिए तीन कारगर उपाय। अपने सुझाए गए उपाय कैसे कारगर साबित होंगे यह समझाइए।
- हमेशा कहा जाता है की कम्प्यूटरीकरण से बेरोजगारी में बढोत्तरी हुई है। क्या आप इससे सहमत है? समझाइए।

प्र.2. अंग्रेजी में दिए गए परिच्छेद का हिन्दी अनुवाद कीजिए । अपना उत्तर केवल देवनागरी लिपि में लिखें।

Clean water is one of the most essential resources for life on Earth. It is necessary for drinking, cooking, agriculture, sanitation, and maintaining overall health. Without access to clean water, people are exposed to dangerous diseases such as cholera, dysentery, and typhoid, which can be life-threatening, especially for children. Clean water helps maintain proper hygiene, reduces the spread of infections, and improves the quality of life in communities. It also plays a vital role in food production, as crops and livestock depend on safe water for growth and survival. In addition, clean water supports ecosystems by sustaining plants, animals, and aquatic life. Unfortunately, water pollution caused by industrial waste, plastic, and untreated sewage is reducing the availability of safe water worldwide. Therefore, conserving water, preventing pollution, and using water responsibly are crucial responsibilities of every individual. Protecting clean water today ensures a healthier population, a stronger environment, and a sustainable future for coming generations.

प्र.3. हिन्दी में दिए गए परिच्छेद का अंग्रेजी अनुवाद कीजिए । अपना उत्तर केवल अंग्रेजी (रोमन लिपि) में लिखें।

भारत की विदेश नीति शांति, गुटनिरपेक्षता और पारस्परिक सहयोग के सिद्धांतों पर आधारित है। स्वतंत्रता के बाद से भारत ने एक स्वतंत्र विदेश नीति अपनाई है, जो राष्ट्रीय हितों की रक्षा करते हुए सभी देशों के साथ मैत्रीपूर्ण संबंधों को बढ़ावा देती है। भारत शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व, संप्रभुता के सम्मान और अन्य देशों के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप न करने में विश्वास करता है। गुटनिरपेक्षता की नीति भारत को रणनीतिक स्वायत्तता बनाए रखने और सैन्य गठबंधनों से दूर रहने में सहायता करती है। हाल के वर्षों में भारत की विदेश नीति पड़ोसी देशों, प्रमुख वैश्विक शक्तियों और अंतरराष्ट्रीय संगठनों के साथ संबंध मजबूत करने पर केंद्रित रही है। यह आर्थिक कूटनीति, वैश्विक सुरक्षा, जलवायु परिवर्तन और क्षेत्रीय स्थिरता पर भी जोर देती है। संयुक्त राष्ट्र, जी 20 और अन्य वैश्विक मंचों में सक्रिय भागीदारी के माध्यम से भारत वैश्विक शांति, विकास और सहयोग को बढ़ावा देने का प्रयास करता है।

(अ) ऑनलाइन परीक्षा का विवरण :


(1) परीक्षा ऑनलाइन अर्थात कंप्यूटर पर होगी।

(2) अंग्रेज़ी भाषा की परीक्षा को छोड़कर सभी प्रश्नावलियाँ , प्रत्येक परीक्षा के लिए लागू होने के अनुसार अंग्रेज़ी और/या हिंदी में प्रदान की जाएंगी।

(3) सभी प्रश्नों में बहुविकल्प होंगे। प्रश्न के पांच उत्तर में से केवल एक सही उत्तर होगा। **उम्मीदवार के सही उत्तर चुनकर उसे उस विकल्प को 'माउसक्लिक' करना है जो सही है। क्लिक किया गया विकल्प उस प्रश्न का उत्तर माना जाएगा। किसी भी प्रश्न का उत्तर, अंकन के लिये तभी मान्य होगा जब उम्मीदवार ने उसको "Save & Next" अथवा "Mark for Review & Next" के साथ सेव किया हो।**

(4) सर्वर पर घड़ी सेट की गई है और आपके स्क्रीन पर ऊपरी दांए कोने में काउंट डाउन टाइमर आपके लिए परीक्षा पूरी करने के लिए शेष समय दर्शाएगा। घड़ी में समय पूरा हो जाने पर परीक्षा का समय स्वतः पूरा हो जाता है आपको अपनी परीक्षा समाप्त या सबमिट नहीं करनी है।

(5) स्क्रीन के दाहिने कोने पर प्रश्न पैलेट, प्रत्येक प्रश्न के लिए निम्न में से कोई एक स्थिति प्रकट करता है :



पुनर्विचार के लिए चिह्नित **(Marked for Review)** स्थिति सामान्यतः अनुस्मारक के रूप में कार्य करती है जिसे आपने प्रश्न को दोबारा देखने के लिए सेट किया है। *यदि आपने किसी प्रश्न के लिए उत्तर चुना है जिसे पुनर्विचार के लिए चिह्नित किया है, तब मूल्यांकन में उस उत्तर पर विचार किया जाएगा।*

(6) अगर कोई उम्मीदवार किसी सवाल के बारे में कोई समस्या बताना चाहते हैं, तो परीक्षा के दौरान स्क्रीन पर "**Report Question**" का विकल्प (बटन) उपलब्ध होगा।

(7) उत्तर देने के लिए प्रश्न चुनने के लिए आपको निम्नलिखित में से एक करना है :

(अ) उस नंबर के प्रश्न पर सीधे जाने के लिए आपके स्क्रीन के दाएं तरफ स्थित प्रश्न पैलेट पर प्रश्न नंबर पर क्लिक कीजिए। नोट करें कि इस विकल्प के प्रयोग पर वर्तमान प्रश्न का आपका उत्तर **सेव नहीं होता** है।

(ब) वर्तमान प्रश्न का उत्तर सेव करने के लिए और क्रम में अगले प्रश्न पर जाने के लिए **'Save & Next'** पर क्लिक कीजिए।

(क) वर्तमान प्रश्न का उत्तर सेव करने, उसे रिव्यू हेतु मार्क करने और क्रम में अगले प्रश्न पर जाने के लिए **'Mark for Review & Next'** पर क्लिक कीजिए।

(8) अपना उत्तर चुनने के लिए, एक विकल्प बटन पर क्लिक कीजिए।

(9) अपना उत्तर बदलने के लिए दूसरा वांछित विकल्प बटन क्लिक कीजिए।

(10) अपना उत्तर सेव करने के लिए आपको **Save & Next** पर क्लिक करना चाहिए।

(11) चुना गया उत्तर डिसिलेक्ट करने के लिए, चुने गए विकल्प पर फिर से क्लिक कीजिए या **Clear Response बटन** पर क्लिक कीजिए।

(12) रिव्यू के लिए प्रश्न मार्क करने के लिए **Mark for Review & Next** पर क्लिक कीजिए। यदि **Marked for Review** प्रश्न के लिए उत्तर चुना जाता है तो अंतिम मूल्यांकन में उत्तर पर विचार किया जाएगा।

(13) किसी प्रश्न का उत्तर बदलने के लिए, पहले प्रश्न सिलेक्ट कीजिए और फिर नये उत्तर पर क्लिक कीजिए और उसके बाद **Save & Next** बटन पर क्लिक कीजिए।

(14) **जो प्रश्न उत्तर देने के बाद 'Save' या उत्तर देने के बाद 'Mark for Review' किए गए हैं, सिर्फ उन्हीं प्रश्नों पर मूल्यांकन के लिए विचार किया जाएगा।**

(15) उम्मीदवारों से अनुरोध हैं कि "टेस्ट एडमिनिस्ट्रेटर" के निर्देशों का ध्यान से अनुसरण करें। यदि कोई उम्मीदवार निर्देशों/नियमों का अनुसरण नहीं करता है तो इसे कदाचार/अनुचित तरीके अपनाने का मामला माना जाएगा और उम्मीदवार को कंपनी द्वारा निर्णित अवधि के लिए परीक्षाओं में बैठने से वंचित कर दिया जाएगा।

(16) उम्मीदवार केवल परीक्षा शुरू होने से पहले टेस्ट एडमिनिस्ट्रेटर को अपनी शंकाओं का समाधान कर सकता है। परीक्षा शुरु होने के बाद किसी भी क्वेरी (शंका) का उत्तर नहीं दिया जाएगा।

(17) परीक्षा के दौरान आप टेस्ट के बीच शफल नहीं कर सकते हैं क्योंकि प्रत्येक टेस्ट के लिए अलग-अलग समय आबंटित है।

(18) परीक्षा के अवधि की समाप्ति के बाद, उम्मीदवार ना ही किसी भी प्रश्न का उत्तर दे पाएंगे और ना ही अपने उत्तर जांच पाएंगे। उम्मीदवार ने 'सबमिट' बटन क्लिक नहीं किया होगा तब भी कंप्यूटर सिस्टम द्वारा उसके उत्तर स्वतः सेव कर लिए जाएंगे।

(19) कृपया नोट करें :

(अ) परीक्षा का पूर्ण समय समाप्त होने तक उम्मीदवारों को 'फाइनली सबमिट' **करने नहीं दिया जाएगा।**

(ब) एक बार परीक्षा शुरू हो जाने पर किसी भी परिस्थिति में कोई उम्मीदवार की-बोर्ड की किसी भी बटन पर क्लिक नहीं करेगा क्यों कि इससे परीक्षा लॉक हो जाएगी।

(20) कृपया अंग्रेजी वर्णनात्मक प्रकार के पेपर के लिए ध्यान दें:


वर्णनात्मक प्रकार की प्रश्नावली विवरण

1. परीक्षा देने हेतु अलग से किसी लॉग-इन की आवश्यकता नहीं है।
2. वस्तुनिष्ठ परीक्षा के स्वतः जमा होने पर यह परीक्षा स्वतः शुरू हो जाएगी।
3. प्रश्न कंप्यूटर के मॉनिटर पर दर्शाए जाएंगे।
4. एक बार में केवल एक प्रश्न दर्शाया जाएगा।
5. प्रश्न अंग्रेजी में होंगे और उनके उत्तर कीबोर्ड का प्रयोग करते हुए उनके लिए दिए गए स्थान पर टाईप करने होंगे ।

कृपया ध्यान दें" : टाइप करते समय यदि आप 'स्पेस बार' **(Space bar)** दबाते हैं और फिर 'एंटर कुंजी') **Enter key** (दबाते हैं, तो 'कर्सर') **cursor)** अगली पंक्ति में नहीं जाएगा । हालाँकि यदि आप अंतिम शब्द के तुरंत बाद 'एंटर कुंजी') **Enter key** (दबाते हैं, तो 'कर्सर') **cursor)** अगली पंक्ति में चला जाएगा । आपको इस बात पर भी ध्यान देना होगा कि यदि स्पेस बार **(Space bar)** / एंटर कुंजी)**Enter key** (को एक से अधिक बार दबाया जाएगा तो सिस्टम)**system** (उसे एक की स्ट्रोक (**single keystroke**) मानेगा (यानी कि एक स्पेस **(Space)** और एक एंटर)**Enter** (अगली लाइन में)

वस्तुनिष्ठ प्रकार पेपर के दौरान 'की बोर्ड की' को क्लिक ना करें ।

कृपया हिंदी टाइपिंग के लिए निम्नलिखित निर्देशों को बहुत ध्यान से पढ़ें ।



- भाषा चयन विकल्प के साथ एक पैनल दिखाई देगा जिसका इस्तेमाल वर्णनात्मक परीक्षा के दौरान किया जाना है। परीक्षा के दौरान किसी भी समय पैनल के **"Exit" बटन पर क्लिक न करें**।
- हिन्दी वर्णनात्मक प्रश्न का उत्तर देने हेतु हिन्दी भाषा का और अंग्रेज़ी वर्णनात्मक प्रश्न का उत्तर देने हेतु अंग्रेज़ी भाषा का चयन करने के लिए दिए गए पैनल का इस्तेमाल करें।
- परीक्षा के दौरान किसी भी समय पैनल के **"Exit" बटन पर क्लिक न करें**।
- कीबोर्ड ले आउट केवल अंग्रेज़ी (रोमन) में उपलब्ध होगा। उम्मीदवारों को इनस्क्रिप्ट और रेमिंग्टन (GAIL) का ज्ञान होना चाहिए, यदि वे वर्णनात्मक पेपर के प्रश्नों का उत्तर हिंदी में देना चाहते हैं।

(ब) सामान्य निर्देश :

(1) कृपया बुलावा पत्र में तारीख, रिपोर्टिंग समय और परीक्षा स्थल का पता नोट करें।

(2) परीक्षा स्थल की पुष्टि करने के लिए ऑनलाइन परीक्षा से एक दिन पहले आप परीक्षा स्थल जाकर देख सकते हैं ताकि परीक्षा के दिन आप समय पर रिपोर्ट कर सकें।

(3) आपका हाल ही का पासपोर्ट आकार का फोटोग्राफ चिपकाकर बुलावा पत्र अपने साथ परीक्षा स्थल पर लाया जाना चाहिए। (अच्छा होगा कि वही फोटो चिपकायें, जिसे पंजीकरण के समय अपलोड किया गया हो।)

(4) परीक्षा स्थल पर टेस्ट एडमिनिस्ट्रेटर और कंपनी प्रतिनिधि के निर्देशों का आपको निष्ठापूर्वक पालन करना चाहिए। आप निर्देशों का उल्लंघन करेंगे तो आपको अयोग्य ठहराया जाएगा और परीक्षा स्थल छोड़कर जाने के लिए कहा जाएगा।

(5) परीक्षा के दौरान कैलकुलेटर (अलग या घड़ी के साथ), स्मार्ट वॉच, किताबों, नोटबुकों या लिखे नोटस, सेल फोन (कैमेरा सहित या रहित) या अन्य किसी इलेक्ट्रॉनिक साधन के प्रयोग की अनुमति नहीं दी जाएगी।

(6) आपके अपने फोटोग्राफ को इस बुलावा-पत्र पर चिपकाकर उसे मूल रूप में वर्तमान में वैध फोटोयुक्त पहचान का प्रमाण और उसकी एक फोटोकापी के साथ लाएं - यह अनिवार्य है। कृपया यह बुलावा-पत्र तथा पहचान के प्रमाणपत्र की फोटो कापी स्टेपल करके पर्यवेक्षक को सौंप दे। वर्तमान में वैध फोटो पहचान प्रमाण हैं- पैनकार्ड/पासपोर्ट/स्थायी ड्राइविंग लाइसेंस/ फोटोग्राफ वाले वोटर्स कार्ड/फोटोग्राफ युक्त बैंक पास बुक/आधिकारिक लेटरहेड पर राजपत्रित अधिकारी द्वारा फोटो के साथ जारी फोटो पहचान का प्रमाण/आधिकारिक लेटर हेड पर जन प्रतिनिधि द्वारा फोटो के साथ जारी फोटो पहचान का प्रमाण/मान्यता प्राप्त कालेज/यूनिवर्सिटी द्वारा जारी वैध वर्तमान पहचान पत्र/आधार कार्ड/फोटो युक्त ई-आधार कार्ड/कर्मचारी का मूल पहचान पत्र/फोटोग्राफ युक्त बार काउंसिल पहचान पत्र। कृपया नोट करें - राशन कार्ड और लर्नर ड्राइविंग लाइसेंस को वैध पहचान-प्रमाण के रूप में स्वीकार नहीं किया जाएगा। कृपया ध्यान दें कि बुलावा पत्र पर लिखा गया आपका नाम फोटो पहचान प्रूफ पर दिखते नाम के बिल्कुल अनुरूप होना चाहिए। महिला उम्मीदवार जिन्होंने शादी के पश्चात अपने पहला/अंतिम/बीच के नाम में परिवर्तन किया हो वे इस पक्ष का विशेष ध्यान दें। बुलावा पत्र पर दिए गए नाम और फोटो पहचान प्रूफ में यदि जरा भी बेमेल हुआ तो आपको परीक्षा में शामिल होने नहीं दिया जाएगा। उन उम्मीदवारों के मामले में जिन्होंने अपना नाम बदल दिया है, यदि वे राजपत्रित अधिसूचना/अपना विवाह प्रमाण पत्र/शपथपत्र प्रस्तुत करते हैं तो ही उन्हें अनुमती प्रदान की जाएगी।

(7) बायोमैट्रिक डाटा (अंगूठे का निशान) और फोटोग्राफ परीक्षा स्थल पर परीक्षा से पहले लिया जाएगा और सत्यापन किया जायेगा। ली गई फोटोग्राफ तथा बायोमैट्रिक डाटा की तुलना उस फोटोग्राफ से की जाएगी जो उम्मीदवार ने आवेदन में अपलोड की थी और प्रारंभिक परीक्षा के दिन फोटोग्राफ तथा बायोमैट्रिक डाटा ली गई थी। बायोमैट्रिक डाटा सत्यापन प्राधिकारी का इस संदर्भ में (डाटा मैच करता है या नहीं करता है) निर्णय अंतिम होगा और उम्मीदवारों के लिए बाध्यकारी होगा । बायोमैट्रिक डाटा कैप्चर करने/सत्यापन करने की प्रक्रिया में किसी भी अवसर पर भाग लेने से इनकार करने पर उम्मीदवारी रद्द हो सकती है । इस संदर्भ में कृपया निम्नलिखित का ध्यान रखेः

(क) यदि उंगलियों पर कोई परत हो (स्याही/मेहंदी/रंग आदि लगी हुई) तो उन्हें धोना सुनिश्चित करें ताकि परीक्षा की तिथि से पहले उन पर लगी परत उतर जाए ।

(ख) यदि उंगलियां मैली या धुलभरी हों तो अंगूठे के निशान के (बायोमैट्रिक) लिए जाने से पहले उन्हें धोकर सुखा लेना सुनिश्चित करें।

(ग) सुनिश्चित कर लें कि दोनों हाथों की उंगलियां सूखी हों । यदि उंगलियां नम हों तो प्रत्येक उंगली पोंछकर उसे सुखा लें ।

(घ) यदि कैप्चर किया जाने वाला अंगूठा चोटिल/क्षतिग्रस्त हो तो तुरंत परीक्षा केंद्र में संबंधित प्राधिकारी को सूचित करें।

(इन बिन्दुओं में से किसी का भी पालन न करने पर परीक्षा में शामिल होने से वंचित रखा जाएगा ।)

(8) फ्रिस्कींग (मेटल डिटेक्टरों का इस्तेमाल किया जाएगा) के दौरान समय बचाने के लिए उम्मीदवारों को निम्न ड्रेस कोड की सलाह दी जाती है:

- हल्के कपड़े, जिनका इस्तेमाल किसी भी यंत्र या संचार उपकरण को छिपाने के लिए नहीं किया जा सके
- आधी बांह वाले कपड़े लेकिन इनमें ऐसे बड़े बटन या ऐसा कोई भी बैज, ब्रोच आदि न लगा हो, जिनका इस्तेमाल संचार उपकरण, ब्लूटूथ, कैमरा आदि को छिपाने के लिए किया जा सके
- स्लिपर्स, सैंडल पहनें और जूते/मोजे न पहनें
- ज़िपर, बटन आदि जैसी धातु की वस्तु रहित हल्के वस्त्र पहनें

हालांकि, प्रथागत/धार्मिक परिधान पहनकर आने वाले और पी.डब्लू.बी.डी. उम्मीदवारों को उचित तलाशी के लिए रिपोर्टिंग समय से पूर्व केंद्र पर रिपोर्ट करना चाहिए।

(9) सही व गलत उत्तरों के पैटर्न में समानता का पता लगाने के लिए आपके प्रत्युत्तरों का परीक्षा में सम्मिलित अन्य उम्मीद्वारों के प्रत्युत्तरों के साथ विश्लेषण किया जायेगा, यदि निर्धारित प्रक्रिया अथवा अन्य किसी भी प्रक्रिया के अनुसार यह अनुमान लगता/निष्कर्ष निकलता है कि प्रत्युत्तरों में सहभागिता की गई है और प्राप्त अंक वास्तविक/वैध नहीं है तो आपको अयोग्य ठहराया या उम्मीद्वारी रद्द की जा सकती है। नकल करते, सहायता लेते या देते या उम्मीदवार के लिए अनुचित ऐसा व्यवहार करते हुए उम्मीदवार के मूल्यांकन पर विचार नहीं किया जाएगा। आगे ऐसे उम्मीदवार के खिलाफ कंपनी उसके द्वारा उपयुक्त समझी जाने वाली कार्रवाई कर सकता है।

(10) आप अपने साथ एक बाल पॉइंट पेन अवश्य लाएं। आप अपने साथ स्याही स्टैम्प पैड (नीला/काला) ला सकते है। परीक्षा के अंत में अपने उत्तर सबमिट करने से पहले जिन प्रश्नों को आप रिव्यू करना चाहते हैं उनके प्रश्न नंबर लिखने या रफ वर्क करने के लिए आपके कागज का एक पन्ना दिया जाएगा। परीक्षा पूरी होने के बाद स्थल छोड़ने से पहले आपको कागज का यह पन्ना टेस्ट एडमिनिस्ट्रेटर को सौंप देना है।

(11) परीक्षा के संचालन में किसी समस्या के आने की संभावना को पूरी तरह से नकारा नहीं जा सकता है जिसकी वजह से टेस्ट डिलिवरी और/या रिजल्ट प्रभावित हो सकता है। ऐसी स्थिति में समस्याओं का समाधान करने के लिए हर संभव प्रयत्न किया जाएगा, जिसमें यदि जरुरी हुआ तो फिर से परीक्षा ली जा सकती है। इस संबंध में परीक्षा संचालन संस्था का निर्णय अंतिम रहेगा। इस तरह के परीवर्तन को स्वीकारने के लिए अनिच्छुक अभ्यर्थी की उम्मीदवारी सरसरी तौर पर निरस्त हो जाएगी।

(12) यदि परीक्षा एक से अधिक सत्र में आयोजित होती हैं तो सभी सत्रों में प्रयुक्त विभिन्न टेस्ट बैटरियों की डिफिकल्टी स्तर के अंतर को एड्जस्ट करने के लिए विभिन्न सत्रों के स्कोर को इक्वेट किया जाएगा। यदि सेंटर पर किसी अभ्यर्थी के लिए नोड क्षमता कम है या कोई तकनीकी खामी होती है तो एक से अधिक सत्र की आवश्यकता हो सकती है।

(13) परीक्षा की सामग्री या उसकी किसी अन्य जानकारी, पूर्णतया या अंशतः को प्रकट करने, प्रकाशित करने, पुनः प्रस्तुत करने, ट्रांसमिट करने, स्टोर करने या उसके ट्रांसमिशन और स्टोरेज को सुगम बनाने वाले या परीक्षा कक्ष में दिए गए कागज-पत्र को ले जाने वाले या परीक्षा सामग्री के अनधिकृत कब्जाधारी पर अभियोग चलाया जा सकता है।

(14) चयन प्रक्रिया के किसी भी चरण में, उम्मीदवार द्वारा गलत सूचना प्रदान करने और/अथवा प्रक्रिया का उल्लंघन करने के मामले में, उम्मीदवार को चयन प्रक्रिया से अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा और भविष्य में उसे कंपनी की किसी भी भरती प्रक्रिया में भाग लेने की अनुमति नहीं प्रदान की जाएगी। यदि ऐसे मामलें का वर्तमान चयन प्रक्रिया में पता नहीं चलता है लेकिन बाद में पता चलता है तो ऐसी अयोग्यता को पूर्वव्यापी प्रक्रिया से लागू किया जाएगा।

(15) उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे "The Public Examinations (Prevention of Unfair Means) Act, 2024" पर ध्यान दें ।

आपको शुभकामनायें!